**सक्सेस स्टोरी**

घाटशिला प्रखंड के सुनीता महतो के गृहस्थ जीवन के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई।

यह कहानी है बागोरिया पंचायत के कासिया ग्राम के रहने वाली सुनीता महतो की जिसने मनरेगा एवं जेएसएलपीएस के सकल योगदान द्वारा संचालित दीदी बाड़ी योजना एवं कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ लेते हुए न सिर्फ अपने गृहस्थ जीवन को मजबूती प्रदान की बल्कि अपने आप को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी किया ।

सुनीता महतो समूह में पिछले 5 वर्षों से कार्य कर रही हैं. दीदी बाड़ी योजना की जानकारी उनको संबंधित पंचायत के रोजगार सेवक एवं मुखिया द्वारा प्राप्त हुई तो उन्होंने इस योजना का लाभ लेते हुए अपने घर के बाड़ी में पालक साग, लाल साग , धनिया पत्ता , प्याज, लहसुन आदि की खेती की जिसमें उन्होंने कई क्यारियां बनाई , हर क्यारी में साग 15 दिन के अंदर खाने लायक तैयार हो जाते हैं घर के जरूरतों के अलावा सभी उत्पादों को बाजार में बेच आते हैं और इससे उनको लगभग प्रतिदिन 5000 से 1000 तक का औसतन फायदा होता है जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ गई है इसके अलावा उन्होंने कृषि विभाग द्वारा दिए गए अरहर के बीज को 1 एकड़ की जमीन में बोया , अरहर पूरी तरह से तैयार होने पर करीबन उसे 4 से 5 क्विंटल दाल उत्पादित होगा। इसके अलावा अपने स्तर से आलू, टमाटर , बैगन, गोभी आदि की खेती भी की गई है ।

पंचायत में करीबन 40 दीदी बाड़ी योजना ओनगोइंग है एवम् सफलतम रूप से क्रियान्वित हो रही है यदि सरकारी लाभ के तौर पर पानी की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो जाती है तो सरकारी योजनाओं के रोल मॉडल के रूप में इस पंचायत को भविष्य में देखा जा सकता है । जिला स्तर के पदाधिकारियों के औचक जांच के दौरान पंचायत के चल रहे दीदी बाड़ी योजना के सफल क्रियान्वयन को काफी सराहा गया।

सुनीता महतो  की खेती


Shot on Y11
Vivo AI camera
2021.01.21 13:18


Shot on Y11
Vivo AI camera


2021.01.21 13:18